# <u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>

**<u>दिनाँक 24.07.2022</u>**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः—**

## <u>थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, साइबर क्राइम के शातिर अपराधी माज उर्फ फैजी पुत्र मोहम्मद इमरान को गिरफ्तार किया गया</u>



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के  निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 24.07.2022 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा साइबर क्राइम के शातिर अपराधी माज उर्फ फैजी पुत्र मोहम्मद इमरान को सुमित होटल के पास वह्द मोहल्ला काशीनगर से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से भारी मात्रा मे एक्टिवेटेड सिम कार्ड, वन कार्ड के खाली लिफाफे, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, वन वीजा कार्ड, पी0ओ0एस0(POINT OT SALE) मशीन, मोबाइल फोन, मोबाइल चिप व नगदी बरामद हुई, अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी तरीके से आधार कार्ड व पैन कार्ड बनाकर फर्जी सिमो द्वारा वन कार्ड बनाने के नाम पर ठगी करता था। अन्य साथियों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे है। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0स0 847/2022 धारा 419/420/467/468/471/120B भादवि0 पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-</u>**

माज उर्फ फैजी पुत्र मोहम्मद इमरान निवासी ग्राम बेहननपुरवा थाना पलिया जनपद खीरी

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

01 अदद वीवो कम्पन्नी का मोबाइल
98 अदद एक्टिवेटेड मोबाइल सिम कार्ड
01 अदद पी0ओ0एस0 (POINT OT SALE) मशीन
29 अदद खाली वन कार्ड लिफाफे
03 अदद मोबाइल चीप कार्ड
01 अदद आधार कार्ड
04 अदद पैन कार्ड
02 अदद एटीएम कार्ड
01 अदद वन वीजा कार्ड
2500 रूपये नकद
01 अदद पिठ्ठू बैग

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**
1-उ0नि0 चेतन प्रकाश तोमर, (चौकी प्रभारी महेवागंज) थाना कोतवाली सदर
2-उ0नि0 संदीप यादव थाना कोतवाली सदर
3-हे0का0 विजय शर्मा थाना कोतवाली सदर
4-का0 अजय दीप सिंह थाना कोतवाली सदर
5-का0 फिरोज खान थाना कोतवाली सदर
6-का0 संजू यादव थाना कोतवाली सदर
7-का0 सतेन्द्र सिंह थाना कोतवाली सदर
8-का0 विकास चौहान थाना कोतवाली सदर

**<u>बाल भिक्षावृत्ति/ बचपन बचाओ आंदोलन के क्रम में जनपद लखीमपुर खीरी शहर व थाना फूलबेहड़ में मंदिर बस स्टॉप रेलवे स्टेशन टेंपो स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर । तथा मानव तस्करी बचपन बचाओ आंदोलन से संबंधित जागरूकता अभियान में लोगों को जागरूक किया गया</u>**

दिनांक 23.07.2022 को उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान बाल भिक्षावृत्ति/ बचपन बचाओ आन्दोलन के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में ए0एच0टी0यू0 में नियुक्त प्रभारी निरीक्षक जैनेंद्र कुमार कर्मचारीगण , का0 राजेश यादव महिला आरक्षी नीरज गिल ,व चाइल्ड लाइन से समन्वयक संतोष राजवंशी, नैमिष की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर बाल भिक्षावृत्ति के 05 बच्चों को भीख मांगते हुए पाए गए जिन्हें सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां पर सीडब्ल्यूसी द्वारा इन बच्चों को चाइल्ड लाइन खीरी के माध्यम से तो दो बच्चों को चाइल्ड लाइन सीतापुर के सदस्यो को सौंपा और 3 बच्चों को बाल सुधार ग्रह पिपरा करमचंद में संरक्षण दिया।

# <u>थाना भीरा पुलिस द्वारा, जुआ खेलते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 23.07.2022 को थाना भीरा पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ़्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना भीरा पर मु०अ०सं० 378/2022 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत करके विधिक कार्यवाही की गयी है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण -</u>
1.अजय सिंह उर्फ पिनटू पुत्र अनख पाल सिंह
2.मुकीम पुत्र स्व0 नाज अहमद
3.सत्यपाल सिंह पुत्र स्व0 सूबेदार सिंह
4.महबूब पुत्र स्व0 मकसूद

<u>बरामदगी:-</u>
52 ताशके पत्ते
मालफड़ 1,800 रूपये मय जामा तालाशी 900 रू0

# थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, जुआ खेलते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 23.07.2022 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 03 अभियुक्तों  को गिरफ़्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना मैगलगंज पर मु०अ०सं० 231/2022 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत करके विधिक कार्यवाही की गयी है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण -**

1.परसराम पुत्र बेचेलाल
2.रवीन्द्र कुमार पुत्र मूलचन्द
3.जितिन पुत्र अज्ञात

**बरामदगी:-**

52 ताशके पत्ते
मालफड़ 2,590 रूपये

## वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही निम्न कार्यवाही की गई है:-

1. थाना भीरा पुलिस द्वारा अ0सं0 322/22 धारा 363/366 भादवि में वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र छोटेलाल निवासी रामनगर थाना भीरा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

2. थाना फरधान पुलिस द्वारा अ0सं0 320/21 धारा 323/504/506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त भूपेन्द्र पुत्र सच्चा सिंह निवासी कोलहोरी थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही, विगत 24 घंटे में 170 लीटर अवैध शराब बरामद कर 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटे में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **170 लीटर अवैध** कच्ची शराब व **04** अवैध शराब भट्ठी बरामद कर **11 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **11 अभियोग** पंजीकृत किए गए।